सेवा में,

प्राचार्य महोदय,

चमन लाल महाविद्यालय (स्वायत्त)

लण्ढौरा (हरिद्वार)

विषय :- वाणिज्य विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक आयोजित किए जाने की अनुमति प्राप्त करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निवेदन करना है कि आपके द्वारा दिनांक 15-07-2026 को जारी निर्देश के क्रम में वाणिज्य विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज (B.O.S.) की बैठक 25-07-2026 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

बैठक में सम्मिलित होने वाले सदस्य इस प्रकार हैं :-

1. डॉ० किरन शर्मा (विभाग प्रभारी) K Sharma
2. डॉ० देवपाल (सदस्य) [signature] 20.07.2026
3. डॉ० श्वेता (सदस्य) Shwet
4. डॉ० गजेन्द्र कुमार (विषय विशेषज्ञ)
5. डॉ० (प्रो०) वीरेन्द्र कुमार गुप्ता (प्राचार्य द्वारा नामित विशेषज्ञ)
6. श्री दीपांशु गिरि (भूतपूर्व छात्र)

कृपया तद् विषयक अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

सधन्यवाद

भवदीया

K Sharma

डॉ० किरन शर्मा

वाणिज्य विभाग

स्वीकृत

18.07.26

"आवश्यक सूचना"

बोर्ड ऑफ स्टडीज के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि B.O.S (वाणिज्य विभाग) की बैठक दिनाँक 25-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जायेगी सभी सदस्यों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बैठक में सहयोग करने एवं मार्गदर्शन करने का कष्ट करें।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा प्रस्तावित है :-

एजेण्डा संख्या 1 :- दिनाँक 18-11-2025 को की गई बैठक की सम्पुष्टि।

एजेण्डा संख्या 2 :- मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु छात्रों को 02 घंटे 30 मिनट (ढाई घंटे) का समय प्रदान करने के सम्बन्ध में विचार विमर्श।

एजेण्डा संख्या 3 :- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) एवं विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ~~समस्त~~ B.Com तथा M.Com के पाठ्यक्रम में 75 अंक की मुख्य परीक्षा (End Semester) तथा 25 अंक का आन्तरिक मूल्यांकन लागू किया जाए इस सम्बन्ध में विचार विमर्श

एजेन्डा संख्या 4 :- आंतरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आंतरिक मूल्यांकन (15 अंक की परीक्षा 5 अंक उपस्थिति तथा 5 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों

में प्रतिभाग), केंद्रीकृत माध्यम से सम्पादित किये जाने एवं 15 अंकों हेतु मिड टर्म परीक्षा आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श।

एजेण्डा संख्या 5 :- प्रत्येक सेमेस्टर (पी०जी० पाठ्यक्रम) में लघु शोध होने का प्रावधान होने के कारण छात्र - छात्राओं को अपने विषय पर कार्य करने का समुचित समय नहीं मिल पाता है अतः पी०जी० पाठ्यक्रम के दूसरे एवं चौथे सेमेस्टर में लघु शोध के प्रावधान किये जाने पर विचार विमर्श।

एजेण्डा संख्या 6 :- अन्य विषय सभापति की आज्ञा से उठाये जा सकेंगे तथा विचार विमर्श के पश्चात निर्णय लिए जा सकेंगे।

बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्यों की सूची :-

1. डॉ० किरन शर्मा (अध्यक्षा) K.Sharma
2. डॉ० देवपाल (सदस्य) [signature] 20.7.2026
3. डॉ० श्वेता (सदस्य) Shweta
4. डॉ० प्रो० वीरेन्द्र कुमार गुप्ता (आमंत्रित विशेषज्ञ) [signature]
5. डॉ० गजेन्द्र कुमार (आमंत्रित विशेषज्ञ) [signature]
6. श्री दीपांशु गिरि (पूर्व छात्र) DeePanshu

दिनाँक 25-07-2026 की बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनाँक 25-07-2026 को वाणिज्य विषय अध्ययन मण्डल (B.O.S) की बैठक वाणिज्य विभाग में प्रातः 11:00 बजे आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

क्रम सं.	नाम	पद	हस्ताक्षर
1.	डॉ॰ किरन शर्मा	(अध्यक्षा)	K Sharma
2.	डॉ॰ देवपाल	(सदस्य)	[signature]
3.	डॉ॰ श्वेता	(सदस्य)	Shweta
4.	प्रो॰ (डॉ॰) वी॰के॰ गुप्ता	(आमंत्रित विशेषज्ञ)	[signature]
5.	डॉ॰ गजेन्द्र कुमार	(विषय विशेषज्ञ)	[signature]
6.	श्री दीपांशु गिरि	(पूर्व छात्र)	Deepanshu

सर्वप्रथम मैं डॉ॰ किरन शर्मा (प्रभारी वाणिज्य विभाग) द्वारा सभी ~~आ~~ आंगतुक सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

एजेण्डा बिन्दु -1

एजेण्डा - गत कार्यवाही की पुष्टि

विनिश्चय - दिनांक 18.11.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही को यथावत अनुमोदित किया गया। कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

एजेण्डा बिन्दु 2

एजेण्डा - मुख्य परीक्षा के प्रश्न पत्रों को हल करने हेतु छात्रों को प्रदान किये

जाने वाले समय को 2:30 घण्टे किये जाने पर विचार

विनिश्चय - विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त पाठ्यक्रमों में प्रश्नपत्र हल किये जाने हेतु छात्रों को 2:30 घण्टे का समय प्रदान किया जाए।

एजेण्डा बिन्दु 3 -

एजेण्डा - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा में 75 अंक एवम् आन्तरिक परीक्षा में 25 अंकों का मुल्यांकन लागू कर दिया जाए पर विचार

विनिश्चय :- विस्तार पूर्वक विचार किये जाने के उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वाणिज्य विभाग में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में मुख्य परीक्षा में 75 तथा आन्तरिक परीक्षा में 25 अंको का मुल्यांकन लागू कर दिया जाये।

एजेण्डा बिन्दु 4 :-

एजेण्डा :- आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवम् पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (अंक विभाजन - लिखित परीक्षा - 15 अंक, उपस्थिति - 05 अंक, अनुशासन तथा शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग - 5 अंक) केन्द्रीयकृत माध्यम से कराये जाने पर तथा लिखित परीक्षा हेतु मिड टर्म परीक्षा पर विचार

विनिश्चय :- विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवम् पारदर्शिता सुनिश्चित किया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण तथा आवश्यक है। अतः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा केन्द्रीकृत माध्यम से मिडटर्म परीक्षा के रूप में (15 अंक - लिखित परीक्षा 5 अंक - उपस्थिति तथा 5 अंक अनुशासन तथा शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) आयोजित की जाये।

एजेण्डा बिन्दु 5

एजेण्डा :- प्रत्येक सेमेस्टर (पी०जी०) पाठ्यक्रम में ~~लघु~~ लघु शोध का प्रावधान होने के कारण ~~छात्राओं~~ छात्र-छात्राओं को अपने विषय पर कार्य करने का समुचित समय नहीं मिल पाता है अतः पी०जी० पाठ्यक्रम के दूसरे एवं चौथे सेमेस्टर में लघु शोध के प्रावधान किये जाने पर विचार विमर्श।

विनिश्चय :- NEP 2020 मे पी०जी० के प्रत्येक सेमेस्टर में 6 क्रेडिट का लघु शोध का प्रावधान है जबकि 6 माह की अवधि में एक अच्छा लघु शोध कार्य करवाया जाना सम्भव नहीं होता है अतः सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा गहन विचार विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लघु शोध का कार्य Progressive Mode में किया जाय जिसमे विषम सेमेस्टर में Problem Identification, Literature Review तथा Tool Development का कार्य करवाया

जाप तथा सम सेमेस्टर में Data Collection, Analysis and Report Writing Based on the tool Development का कार्य करवाते हुए लघु शोध का कार्य पूर्ण करवाया जायेगा।

समिति के समस्त सदस्यों ने उक्त एजेंडा बिन्दुओं पर गहन विचार विमर्श किया एवं सभी एजेण्डा बिन्दु 1 से 5 हेतु संस्तुति प्रदान की। समिति वाणिज्य विभाग के पाठ्यक्रम का पुनर्वीक्षण किया एवं वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रम (DSC, DSE, GE, AEC, SEC, VAC, में परिमार्जन / संशोधन की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है।

अन्त में विभाग प्रभारी द्वारा B.O.S के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस प्रकार वाणिज्य विभाग की B.O.S की बैठक सम्पन्न हुई।

1. डॉ० किरन शर्मा (अध्यक्ष) K. Sharma
2. डॉ० देवपाल (सदस्य) [signature]
3. डॉ० श्वेता (सदस्य) Shweta
4. प्रो० (डॉ०) वी० के० गुप्ता (आमंत्रित विशेषज्ञ) [signature]
5. डॉ० राजेन्द्र कुमार (विषय विशेषज्ञ) [signature]
6. श्री दीपांशु गिरि (पूर्व छात्र) Deepanshu

[signature]

प्राचार्य
चमन लाल महाविद्यालय (स्वायत्त)
लण्ढौरा (हरिद्वार)